उत्तर उजाला

वर्ष 47 अंक 203 नैनीताल, मंगलवार 11 जून 2024 (संवत् 2081) पृष्ठ 10 डाक पंजी. सं. यू.ए./नैनीताल/26/2024-2026 मूल्य-3.00 रु.

जसप्रीत बुमराह ने किया आलोचकों का मुंह बंद -7 गोविंदा ने लॉन्च किया अपना ओटीटी प्लेटफार्म-8

तापमान	आज		कल संभावित	
शहर	अधि.	न्यू.	अधि.	न्यू.
दिल्ली	43	32	44	32
लखनऊ	45	29	46	30
नैनीताल	28	19	28	20
हल्द्वानी	40	25	41	26
देहरादून	40	23	41	23
बरेली	43	28	44	30

सोना (10 ग्राम)	चांदी (प्र. किग्रा.)
71800	92100

रुपये की विनिमय दर	
पाउण्ड	106.12
यूरो	89.66
डालर (यूएस)	83.52
स्विस फ्रेंक	93.12
एमीरट्स-दरहम	22.74

तीन करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

- पिछले दस वर्षों में गरीब परिवारों के लिए हुआ 4.21 करोड़ घरों का निर्माण
- पीएमओ नयी ऊर्जा और गतिशीलता का संचार करने वाला उत्प्रेरक : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की यह पहली मंत्रिमंडल बैठक 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर हुई। बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी दलों के मंत्री शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा, आज मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को आवास निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। भारत सरकार ने 2015-16 से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की है, ताकि पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से लैस मकान बनाने में सहायता प्रदान की जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछले 10 वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घरों का निर्माण किया गया है। इस योजना के तहत निर्मित सभी घरों में केंद्र और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ तालमेल करके शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और जल नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनका कार्यालय (पीएमओ) एक ऐसा उत्प्रेरक एजेंट बन गया है, जो व्यवस्था में नयी ऊर्जा और गतिशीलता का संचार करता है। उन्होंने दावा किया कि 10 साल पहले यही पीएमओ शक्ति का बड़ा केंद्र हुआ करता था। प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत के मौके पर प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य राष्ट्र प्रथम और उनकी एकमात्र प्रेरणा विकसित भारत है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से भी उनकी यही अपेक्षा है। उन्होंने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चौबीसों घंटे काम करने का वादा किया और कहा, मेरा हर पल देश के लिए है। उन्होंने कहा कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान बनना चाहिए और यह जनता का पीएमओ होना चाहिए, न कि मोदी का। उन्होंने कहा, मैं न तो सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं और न मैं शक्ति अर्जित करने के लिए सोचता हूं। मोदी ने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग हमेशा उनके दिमाग में रहते हैं और वह उन्हें भगवान का रूप मानते हैं। पिछले तीन महीने में चुनाव प्रचार का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इस दौरान उन्होंने एक नए संकल्प के लिए मजबूती, समर्पण और ऊर्जा के दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा, यही कारण है कि लोगों ने उन्हें फिर से देश की सेवा करने का अवसर दिया है। मोदी ने रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

उधर आज ही केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। मुइज्जू, हसीना और विक्रमसिंघे भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात देशों के नेताओं में शामिल हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में रविवार को शामिल हुए। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नयी दिल्ली में आज मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु से मिलकर खुशी हुई। भारत और मालदीव के मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं। जयशंकर मोदी की पूर्ववर्ती कैबिनेट में विदेश मंत्री थे। उन्होंने रविवार को केंद्रीय मंत्री के तौर पर फिर से शपथ ली। मुइज्जु के पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। ऐसा माना जाता है कि मुइज्जु का रुख चीन समर्थक है। उनके मालदीव के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बाद से भारत और मालदीव के (शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों को बांटे विभाग

राजनाथ रक्षा और शाह बने रहेंगे गृह मंत्री

- उत्तराखंड से अजय टम्टा को बनाया सड़क परिवहन राज्य मंत्री
- सीतारमण वित्त, जयशंकर विदेश और गडकरी सड़क परिवहन मंत्री पद पर बरकरार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सभी नवनियुक्त मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। उन्होंने अपनी नयी मंत्रिपरिषद में वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, अमित शाह को गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्री और एस जयशंकर को विदेश मंत्री के पद पर बरकरार रखा है।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए नए मंत्रियों में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास विभाग, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य के साथ ही रसायन व उर्वरक विभाग और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी सड़क परिवहन मंत्री, जबकि धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री बने रहेंगे। किरेन रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संसदीय कार्य मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्री बने रहेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सर्बानंद सोनोवाल पोत परिवहन मंत्रालय का जिम्मा संभालते रहेंगे। कैबिनेट मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। वहीं जद (यू) के वरिष्ठ नेता ललन सिंह को पंचायती राज और मत्स्यपालन, पशुपालन एवं दुग्ध मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री बनाया गया है। पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्री बने रहेंगे, जबकि पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए तेदेपा नेता राम मोहन नायडू को नागर विमानन मंत्रालय सौंपा गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंत्रालय में बदलाव करते हुए उन्हें संचार मंत्री बनाया गया है। उन्हें पूर्वोत्तर मामलों के मंत्रालय की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछली सरकार में वह नागर विमानन मंत्री थे। कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव नए सूचना और प्रसारण मंत्री होंगे। इसके साथ ही वह रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभालते रहेंगे। उत्तराखंड से अजय टम्टा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है। मंत्रियों के विभागों की सूची इस प्रकार है-

नरेन्द्र मोदी- प्रधानमंत्री
राजनाथ सिंह- रक्षा मंत्रालय
अमित शाह- गृह मंत्रालय
नितिन गडकरी- सड़क परिवहन
जेपी नड्डा- स्वास्थ्य मंत्रालय
शिवराज चौहान- कृषि एवं किसान, ग्रामीण विकास मंत्रालय
निर्मला सीतारमण- वित्त मंत्रालय
एस. जयशंकर- विदेश मंत्रालय
मनोहर लाल खट्टर- ऊर्जा और शहरी विकास मंत्रालय
एचडी कुमारस्वामी-उद्योग एवं स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय
पीयूष गोयल-वाणिज्य और उद्योग
धर्मेंद्र प्रधान-शिक्षा मंत्रालय
जीतन राम मांझी- एमएसएमई
ललन सिंह- पंचायती राज मंत्रालय
सर्बानंद सोनोवाल- पोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय
डॉ. वीरेंद्र कुमार-सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय
राममोहन नायडू-नागरिक उड्डयन
प्रह्लाद जोशी-उपभोक्ता मंत्रालय
जुएल ओरांव-जनजातीय कार्य
गिरिराज सिंह- कपड़ा मंत्रालय
अश्वनी वैष्णव-सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्रालय
ज्योतिरादित्य सिंधिया-संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
भूपेंद्र यादव-पर्यावर्ण मंत्रालय
गजेन्द्र सिंह शेखावत-संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री
अन्नपूर्णा देवी-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
किरेन रिजिजू-संसदीय मामलों का मंत्रालय और सहकारी एवं अल्पसंख्यक
हरदीप सिंह पुरी-पेट्रोलियम मंत्रालय
डॉ. मनसुख मंडाविया-श्रम, रोजगार, खेल एवं युवा मंत्रालय
जी. किशन रेड्डी-कोयला और खनन मंत्रालय
चिराग पासवान- खाद्य प्रसंस्कृत उद्योग मंत्रालय
सीआर पाटिल-जल शक्ति मंत्रालय
राव इंद्रजीत सिंह- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
जितेंद्र सिंह-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार), पीएम कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री
अर्जुन राम मेघवल-कानून एवं न्याय मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
जाधव प्रतापराव -आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
जयंत चौधरी-कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
जितिन प्रसाद-राज्य मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
श्रीपद यशो नाइक-ऊर्जा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री
पंकज चौधरी- वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री
कृष्णपाल गुर्जर-सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री
रामनाथ ठाकुर- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)

संक्षिप्त

अभिनेत्री नूर ने अपने फ्लैट में की आत्महत्या

मुंबई। वर्ष 2023 में आई वेब सीरीज द ट्रायल में अभिनय करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री नूर मालविका दास ने यहां ओशिवाड़ा स्थित अपने फ्लैट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 31 वर्षीय अभिनेत्री का शव बहुत ही खराब हालत में मिला। पड़ोसियों ने उनके अपार्टमेंट से दुर्गंध आने की शिकायत की थी। दास 2023 में आई वेब सीरीज द ट्रायल में बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की सह-कलाकार थीं। जांच में पता चला है कि अभिनेत्री ने पिछले मंगलवार को पंखे से लटककर आत्महत्या की। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और शव बरामद किया। दास अवसाद से पीड़ित थीं और दवाएं ले रही थीं।

असम में शरण ले रहे मणिपुर के लोग

सिलचर (असम)। मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं से प्रभावित लोग आश्रय की तलाश में असम के कछार जिले में आ रहे हैं। स्थानीय विधायक कौशिक राय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने बताया कि अंतर-राज्यीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और कम से कम 70 घरों में आग लगा दी थी, जिससे वहां फिर से तनाव पैदा हो गया। मणिपुर में पिछले साल मई से जातीय हिंसा जारी है। सीमावर्ती इलाकों के निवासियों ने दावा किया कि पिछले चार दिन में जिरी नदी पार कर राज्य में प्रवेश करने वाले करीब 600 लोगों ने कछार जिले के लखीपुर के विभिन्न हिस्सों में शरण ली है। उन्होंने बताया कि मणिपुर से आए लोग जिरीघाट और लखीपुर के गांवों में शरण ले रहे हैं, हालांकि उनके लिए कोई सरकारी राहत शिविर नहीं खोला गया है।

प्रज्वल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

बेंगलुरू। बेंगलुरू की एक अदालत ने कई महिलाओं से बलात्कार और यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जद (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रेवन्ना को विशेष जांच दल की हिरासत समाप्त होने पर सोमवार को 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने 31 मई को रेवन्ना को छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था और बाद में हिरासत 10 जून तक बढ़ा दी थी। एसआईटी ने हिरासत के दौरान साक्ष्य जुटाने और गवाहों से पूछताछ करने समेत विस्तृत जांच की तथा आरोपों के बारे में रेवन्ना से व्यापक पूछताछ की। अदालत ने आरोपों की गंभीरता और एसआईटी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए रेवन्ना को 24 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया।

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 10 जुलाई को

उत्तराखंड की बदरीनाथ और मंगलौर सीटों पर होगा उपचुनाव

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून, मतगणना 13 जुलाई को

नयी दिल्ली/देहरादून। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके तहत 10 जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

ये उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण पैदा हुई रिक्तियों को भरने के लिए कराए जा रहे हैं। चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। 24 जून को चुनाव पत्रों की जांच होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव के तहत मतदान 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपचुनाव की प्रक्रिया 15 जुलाई से पहले पूरी की जानी है। उत्तराखंड में बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव दस जुलाई को होगा। कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के मार्च में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने तथा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण बदरीनाथ सीट खाली हो गई थी। बदरीनाथ विधानसभा सीट गढ़वाल (पौड़ी) लोकसभा सीट का हिस्सा है, जहां से हाल में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने जीत दर्ज की है। पिछले साल अक्टूबर में बहुजन समाज पार्टी विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन के बाद मंगलौर विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी, इसीलिए इस सीट पर उपचुनाव होना है। मंगलौर विधानसभा सीट हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आती है, जहां से हाल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता त्रिवेंद्र सिंह रावत सांसद चुने गए हैं। भाजपा ने 2024 आम चुनावों में लगातार तीसरी बार प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर विजय हासिल की है। विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी होने के साथ ही नामांकन पत्रों के भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 21 जून तक जारी रहेगी। इसके बाद 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 26 जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सत्तर सदस्यीय उत्तराखंड विधानसभा में सत्ताधारी भाजपा के 47 विधायक हैं, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस के 18, बसपा का एक और दो निर्दलीय विधायक हैं। दो (शेष पृष्ठ 8 पर)

छत्तीसगढ़ में हिंसा, कई वाहन फूंके, कार्यालयों में तोड़फोड़

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को नुकसान पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। गत 15 और 16 मई की दरमियानी रात को कुछ अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी धाम में पवित्र अमर गुफा में स्थित सतनामी समाज द्वारा पूजे जाने वाले 'जैतखंभ' में तोड़फोड़ की थी। घटना के विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को यहां दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और जिलाधिकारी कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र हुए थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जिलाधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ने से रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगा दिए थे। बलौदाबाजार के पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने बताया, सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन विरोध हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी कार्यालय में घुस गए। उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े कई वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी कई मोटरसाइकिल, कार और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और भीड़ दमकल विभाग के एक वाहन को भी आग के हवाले कर रही है।

आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान ने ली सौर लपटों की तस्वीरें

बेंगलुरू। इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्षयान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं। एल1 पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है और इसकी मदद से लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप और विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए।

तमांग दूसरी बार बने सिक्किम के मुख्यमंत्री

गंगटोक। एसकेएम के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को लगातार दूसरी बार सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। तमांग (56) को यहां पालजोर स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ 11 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में हजारों की संख्या में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के समर्थक मौजूद थे और उन्होंने नेपाली भाषा में शपथ लेने वाले तमांग का उत्साहवर्धन किया। तमांग के शपथ लेते ही स्टेडियम में पटाखों की तेज आवाज गूंज उठी। सिक्किम में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध है। मुख्यमंत्री के साथ 11 अन्य मंत्रियों ने शपथ ली, जिनमें सोनम लामा, अरुण कुमार उप्रेती, समदुप लेप्चा, भीम हंग लिंबू, भोज राज राय, जी. टी. धुंगेल, पूरन कुमार गुरुंग, पिंट्सो नामग्याल लेप्चा, नर बहादुर दहल, राजू बसनेत और शेरिंग थेंडुप भूटिया शामिल हैं।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी

तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी का पहला कदम

9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा, लगभग 20,000 करोड़ रुपये होंगे वितरित

नयी दिल्ली। लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किये, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है।

अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। पीएम किसान की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा, हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों (शेष पृष्ठ 8 पर)

उत्तराखण्ड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, मा. मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी को तथा पांचों सांसदों को हार्दिक शुभकामनाएं और भाजपा नीत सरकार के शपथ ग्रहण की बधाईयां

नन्दन सिंह खड़ायत
पूर्व अध्यक्ष
कृषि उत्पादन मंडी समिति, खटीमा

जीवन सिंह धामी
अध्यक्ष
भाजपा नगर मंडल, खटीमा

प्रकाश आर्य
राज्य आन्दोलनकारी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, खटीमा

हरीश सामंत
न्यू ऐरा डेवलपर
देहरादून

हेमा रावत
भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
जस केन्टरी
ज्वालापुर, हरिद्वार

अंजू चंद्रमोहन सिंह
जिला मंत्री भाजपा
उधमसिंह नगर
पुत्रवधू स्वर्गीय लाखन सिंह पूर्व सांसद एवं विधायक

डा. प्रेम सिंह राणा
पूर्व विधायक
नानकमत्ता